जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, सोमवार 30 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-67 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.

जीवेत्... शरदः... शतम्...

शिव शक्ति टिम्बर कंपनी प्रा.लि. के डायरेक्टर एवं पेट्रोल पंप व्यवसायी, हमारे लाड़ले छोटे भाई

हिरेन (पिंटू) पटेल

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...



शुभेच्छुः दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल



मा. हेमंत भैया प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा | मा. डीडी उईके केन्द्रीय राज्य मंत्री | मा. गंगा उईके विधायक, घोड़ाडोंगरी | मा. सुधाकर पंवार जिलाध्यक्ष, भाजपा | मा. तपन मालवीय संगठन प्रभारी, चिचोली | मा. शंकर चढ़ोकार वरिष्ठ भाजपा नेता | मा. कांतिलाल यादव जिला उपाध्यक्ष, भाजपा | मा. बाली मालवीय पार्षद, नप चिचोली | आदित्य सिंह कुशवाह युवा भाजपा नेता | मा. संजय आंवलेकर वरिष्ठ भाजपा नेता | मा. मुकेश मालवीय अध्यक्ष, सहकारी समिति | मा. नितेश आंवलेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, चिचोली | मा. रितेश मालवीय वरिष्ठ भाजपा नेता | मा. संतोष यादव वरिष्ठ भाजपा नेता



**मा. अनिल सिंह कुशवाह**
पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष आदरणीय चाचाजी

# अनिल सिंह कुशवाह


## को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



**अमन आंवलेकर**
भाजपा मंडल अध्यक्ष, चिचोली



**बाबू पानकर**
भाजपा नेता एवं समाजसेवी



अमन सिंह कुशवाह | पिक्की आंवलेकर | मोनू आंवलेकर | अमन आर्य | पप्पू राठौर | मुकेश यादव | बबलू जैन | मोटू यादव | शिव यादव



श्रीराम यादव | जगदीश सोनी | अमित देशपांडे | कृष्णा सोनी | नाना राठौर | पुनीत राठौर | अखिलेश सोनी | अमर सिंह राठौर | प्रकाश कटारे | गोलू जैन



राजेश राठौर | मुकेश सोनी | अनिल सूरे | डॉ. राहुल आर्य | अंकित आर्य | अटल सिंह | शुभम सोनी | अविनाश सोनी | शुभम सवई | सौरभ पेठे



मुकेश आर्य | प्रवीण राठौर | रिंकू आर्य | शिवम मालवीय | पंकज जैन | धर्मेश सोनी | भूपेन्द्र कहार | डॉ. उत्पल राय | सुशील पाल | प्रकाश मालवीय



कपिल राठौर | मुकेश मालवीय | राजेन्द्र दुबे | ऋषि गंगारे | जतिन आर्य | अमन सूर्यवंशी | आयुष देशमुख | आदर्श महाराज | अरविंद राठौर | उमंग आर्य

# संपादकीय

## भारत में 'तेल आपातकाल' नहीं

*प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद और विमर्श किया। यह हमारे लोकतंत्र का संघीय चरित्र है। प्रधानमंत्री ने ईरान युद्ध से उपजे पश्चिम एशिया ही नहीं, बल्कि वैश्विक हालात पर चर्चा की होगी। ऐसे ही संघीय संवाद कोरोना महामारी के दौरान भी किए गए थे। तब एक खास किस्म का विषैला, जानलेवा संक्रमण दुनिया भर में फैला था। भारत में लॉकडाउन के साथ-साथ कई सख्त कदम भी उठाए गए थे। हमारी अर्थव्यवस्था नकारात्मक हो गई थी। बेहद भयावह माहौल और हालात थे। बहरहाल आज वैसे हालात नहीं हैं। तेल-गैस, उर्वरक आदि की आपूर्ति अवरुद्ध हुई है, लिहाजा किल्लत महसूस हो रही है। कुछ संकट का दौर तो है। अफवाहों और दुष्प्रचार की 'काली भेड़ों' ने लॉकडाउन की फर्जी खबरें चलाना भी शुरू कर दिया है। मीडिया के एक वर्ग में यह विश्लेषण भी छापा गया कि देश में तेल-गैस का स्टॉक मात्र 7-9 दिन का है। शायद उसी से आम आदमी घबराया है और पेट्रोल पंपों पर जन-सैलाब की स्थितियां हैं। मारा-पीटी भी हुई है। पुलिस पर भी प्रहार किया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने हकीकत का खुलासा किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस (एलपीजी) का 60 दिन का स्टॉक सुरक्षित है। अगले 60 दिन के कच्चे तेल की बुकिंग सरकार ने कर ली है। करीब 8 लाख टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं। वे रूस, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया आदि कई देशों से आ रहे हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इराक, रूस आदि देशों से कच्चा तेल आ रहा है। यह आपूर्ति 60 दिन के लिए सुनिश्चित कर ली गई है। देश के एक लाख पेट्रोल पंपों में से एक पर भी पेट्रोल-डीजल खत्म नहीं हुए हैं। लगातार सप्लाई जारी है। देश में करीब 3.3 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की सालाना खपत होती है और हमारी रिफाइनरियां हररोज औसतन 50,000 टन एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं। उत्पादन 40 फीसदी बढ़ाया गया है। यदि जमाखोर, कालाबाजारी, मुनाफाखोर, चोर-लुटेरे, देश-विरोधी लोग सरकार के इस खुलासे से आश्वस्त नहीं हैं, तो देश में दूसरा कौनसा वैकल्पिक माध्यम है, जो तेल-गैस की अपडेट वस्तुस्थिति देश को बता सके? आप सरकार-विरोधी, प्रधानमंत्री-विरोधी, नीति-विरोधी हो सकते हैं, लेकिन राजनीतिक दुराग्रह भारत-विरोध की हद तक नहीं पहुंचना चाहिए। संकट, आपदा और तात्कालिक धक्का आदि समानार्थी शब्द लगते हैं, लेकिन ये अलग-अलग स्थितियों को बयां करते हैं। अमरीका और इजरायल ने ईरान पर युद्ध की शुरुआत की और ईरान ने पलटवार में खाड़ी देशों के तेल-गैस ठिकानों को तबाह किया। 17 अमरीकी बेस भी मिट्टी-मलबा कर दिए। नतीजतन आज एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ग्लोबल साउथ के 113 देश प्रभावित हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, म्यांमार, फिलीपींस, स्लोवाकिया, कनाडा, थाईलैंड, नाइजीरिया, लाओस, जर्मनी, फ्रांस सरीखे देशों में आपातकाल, कार-फ्री डे, पेट्रोल पंप तालाबंदी, राशनिंग और ऑड-ईवन आदि के हालात बने हैं। जापान जैसे विकसित देश को अपना रिजर्व तेल जारी करना पड़ा है। दुनिया में 140 अरब टन एलपीजी की कमी बताई जा रही है। कच्चे तेल का संकट अलग है। अमरीका में भी पेट्रोल-डीजल के दाम 22 फीसदी उछल गए हैं। कमोबेश भारत में अभी आपातकाल की स्थिति नहीं है। आम आदमी के लिए सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम भी महंगे नहीं किए हैं। मोदी ने इन्हीं बिंदुओं के आसपास मुख्यमंत्रियों से बात की होगी।*

# शहीदों की स्मृति में किया 165 यूनिट रक्तदान

## ▪ शहीदों के परिजन के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र किए भेंट

**आमला(राष्ट्रीय जनादेश)। अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के 95वें शहीद दिवस पर रविवार को आमला में सेवा और संवेदना का एक दुर्लभ संगम देखने को मिला। अवसर था जन सेवा कल्याण समिति और बचपन प्ले स्कूल द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का। यह आयोजन केवल एक रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि उन शहीदों और समाजसेवियों के प्रति एक भावनात्मक श्रद्धांजलि बन गया। भीमनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में आयोजित इस रक्तदान के महाकुंभ में 165 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।**




### प्रमाण पत्र किए भेंट

शिविर स्वर्गीय पंकज उसरेठे (जिन्हें नगर खून वाले बाबा के नाम से जानता है) और स्वर्गीय शशि टिकारे की स्मृति में आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं को उन अमर शहीदों के परिजनों द्वारा हस्ताक्षरित विशेष सम्मान पत्र और ट्रॉफी भेंट की गई। शिविर में केवल युवा ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति का भी अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने पहली बार रक्तदान किया ओर केवल इसलिए हाथ आगे बढ़ाया कि उनका रक्त किसी का जीवन बचा सके। शिविर में नगर के वे 20 अनुभवी रक्तदाता भी पहुंचे, जो अब तक 20 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। समिति ने इन मौन साधकों का विशेष सम्मान किया, जो सालों से बिना किसी प्रचार के मानवता की सेवा कर रहे हैं।

### रक्तदान से बड़ा नहीं है कोई दान

जन सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष राहुल धेण्डे ने इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि यह सीधे किसी को जीवनदान देता है। आज शहीद दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में युवाओं का जुटना इस बात का प्रमाण है कि हमारी नई पीढ़ी में अपने देश और शहीदों के प्रति गहरा सम्मान और सेवा भाव आज भी जीवित है। जनसेवा कल्याण समिति उपाध्यक्ष अनिल सोनपुरे और समिति के अमित यादव ने भी सभी रक्तवीरों के इस हौसले को सलाम किया।

### नहीं जानी चाहिए किसी की भी जान

समिति के सदस्य सागर सिंह चौहान, नीरज बारसकर ने संस्था के अटूट संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र में रक्त की कमी के कारण होने वाली असामयिक मौतों को शून्य पर लाना है। संस्था के वॉलंटियर चौबीसों घंटे इस मिशन में जुटे रहते हैं कि जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता हो, उसे भटकना न पड़े।

### जनप्रतिनिधियों बढ़ाया उत्साह

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज मालवे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, कांग्रेस सेवादल विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह चंदेल, उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं रक्तदाताओं के पास जाकर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए और इस पुनीत कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

### इनकी रही उपस्थिति

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में बचपन प्ले स्कूल संचालक कैलाश ठाकरे, नीरज बारस्कर, आकाश जैन, चंद्रकिशोर टिकारे, डॉ. शिशिरकांत गुगनानी, भावेश मालवीय, राजा राठौर, अजय गंगारे, अनिल सोनी, जीवन कहार, नितिन ठाकुर, मोना कनोजे, शुभम खातरकर, सावन चौहान, योगेश सोलंकी और हर्षित ठाकरे, विक्की ठाकुर का विशेष योगदान रहा। बैतूल से आई मेडिकल टीम में शैलेंद्र बिहारिया, ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. अंकिता सीते, राजेश बोड़कड़े, मुकेश कुमरे, अजय साहू और नीलेश जवलकर सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी सेवाएं दीं।

पेज 3 से जारी...

### निकाय चुनाव...

गए नेताओं को जिन्हें नगरीय निकायों की विस्तृत जानकारी हो एल्डरमैन बनाकर निकायों में बैकडोर एंट्री करवाती है। प्रदेश में मार्च 2020 से लगातार भाजपा की सरकार है। नगरीय निकाय चुनाव भी 45 माह पूर्व जून 2022 में हुए थे। सरकार यदि चाहती तो नगरीय निकाय चुनाव के तुरंत बाद ही एल्डरमैन की नियुक्ति कर सकती थी ताकि एल्डरमैन को परिषद में काम करने का मौका मिल पाता। प्रदेश की अधिकतर नगरीय निकायों में भाजपा का कब्जा है। जिले की 10 नगरीय निकायों में से 8 में भाजपा काबिज है। इसके चलते सरकार ने एल्डरमैन की नियुक्ति का मसला ठण्डे बस्ते में डाल दिया था। अब जब नगरीय निकाय चुनाव को मात्र 15 माह का समय बचा है और अध्यक्ष का चुनाव जनता द्वारा किया जाना है ऐसे समय में पार्टी किसी भी प्रभावी नेता को असंतुष्ट रखने का जोखिम उठाने के मूड में नहीं है। भले 15 माह के लिए ही सही उन्हें एल्डरमैन बनाकर पार्टी न सिर्फ चुनाव के पूर्व इन नेताओं को एडजेस्ट कर रही है बल्कि क्षेत्रीय संतुलन बनाकर नगरीय निकाय चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है ताकि चुनाव के दौरान कहीं भी भीतरघात का सामना न करना पड़े। पार्टी प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले निकाय चुनाव में पूरी ताकत से उतर सके। संभवतः इसी सोच के चलते सरकार ने आनन-फानन में एल्डरमैन नियुक्त कर इन्हें परिषद में एंटर करवाया है।

### नगर पालिका परिषदों में यह बने एल्डरमैन

**बैतूल:** श्रीमती रश्मि जुगल किशोर साहू, मनप्रीतसिंह (मिन्ना) देवेंदरसिंह अहलूवालिया, सावन्या रामचरण शेषकर, नीतेश शिवकुमार वर्मा, राजू अमरचंद सोनकपुरिया, कैलाश भोलाराम यादव।

**आमला:** गोपेंद्र मानसिंह बघेल, सपना वेवेंद्र सोनी, बसंत गुलाबराव ओडुकले, गोपाल ब्रजलाल खतारे, सुरेखा पंढरी मराठे, आरती हरिदास पाटिल।

**मुलताई:** सुनिता श्रवण कुमार नागले, बीना बिसनलाल पंजाबी, श्यामू देवराव ढोमने, प्रीतमसिंह करणसिंह सिसोदिया, राजू नारायणराव चौबे, नीलेश महेश चावरिया।

**सारनी:** रमेश किशन पंवार, विनय हरीशचंद्र मदने, सरोज रामपाल विश्वकर्मा, सुनीता मुकेश यादव, रमेश परसराम होरोड़े, संजीत भजू चौधरी।

### नगर परिषदों में यह बने एल्डरमैन

**बैतूल बाजार:** कमलेश चिंधुलाल राठौर, दीपक किशोरीलाल वर्मा, चंद्रकांत गंगाधरराव जोशी, कांति गोरेलाल पंवार।

**आठनेर:** महेश शंकरलाल लहरपुरे, संजय किशोरीलाल सोनी, रोशन कृष्णराव झोड, किरण नरेंद्र जोगी।

**चिचोली:** अमित गोविंदराव देशपांडे, कृष्णा राजकुमार सोनी, अमरसिंह सुंदरलाल राठौर, प्रकाश शिवदीन कटारे।

**घोड़ाडोंगरी:** प्रशांत केशवराव गावंडे, प्रिया राकेश अरोरा, विकास नाथूराम अग्रवाल, कमलेश ललित कुमार जैन।

**शाहपुर:** अरूण चंद्रगोपाल तिवारी, डॉ. प्रद्युम्न कुमार रामप्रसाद जैन, रूपलता उमेश चौधरी, सरला डालचंद्र वर्मा।

**भैंसदेही:** लक्ष्मीनारायण विट्ठल राठौर, विनोद सदाशिवराव सोनी, रवि विट्ठलराव कुबड़े, सुरेश नत्थूलाल पाल।

### एल्डरमैन के...

संगठन उन्हें भविष्य में होने वाले महिला आरक्षण के दौरान बनने वाली स्थिति के लिए भी तैयार कर रहा है। सरकार द्वारा रविवार को की गई एल्डरमैन की नियुक्ति में श्रीमती साहू को नगर पालिका बैतूल में एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। एमए, एलएलबी तक शिक्षित श्रीमती साहू ने 2005 में आमला विकासखंड से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतकर सक्रिय राजनीति में कदम रखा था। जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद ही उनके व्यवहार, सादगी, कार्य के प्रति निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें 2005 में ही भाजपा महिला मोर्चा में जिला महामंत्री का दायित्व सौंप दिया। 2009 तक जिला महामंत्री रहने के बाद पार्टी ने 2011 में उन्हें महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया। इस पद पर उन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूर्ण किए। इसके बाद 2019 से लगातार वे जिला भाजपा उपाध्यक्ष के पद पर काबिज हैं। इस बीच उन्हें अब बैतूल नगर पालिका का एल्डरमैन बनाकर निकाय की राजनीति में सक्रिय होने का मौका दिया है। श्रीमती साहू जिले की संभवतः पहली ऐसी महिला नेत्री होगी जिन्हें पंचायत प्रतिनिधि रहने के बाद अब निकाय की राजनीति करने का भी मौका मिलेगा।

सरकार द्वारा 2027 में नगरीय निकाय अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करवाया जाएगा। हालांकि वर्तमान में बैतूल नपा अध्यक्ष महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में अगला अध्यक्ष अनारक्षित हो सकता है जिसमें महिला-पुरूष कोई भी हो सकता है। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी महिला आरक्षण करने की भी प्रबल संभावना है। ऐसे में जिले की कम से कम दो विधानसभा के साथ ही लोकसभा सीट भी महिला के लिए आरक्षित हो सकती है। शायद संगठन इसी के चलते राजनीति में महिला नेत्रियों को सक्रिय रखना चाह रहा हो ताकि कहीं से महिला को टिकट देने की जरूरत पड़े तो हाऊस वाइफ महिला को उतारने की नौबत न आए। उच्च शिक्षित ह ोने के साथ ही उनकी निष्ठा और संगठन के उन पर विश्वास से श्रीमती साहू वर्तमान में भाजपा की राजनीति में सर्वोच्च श्रेष्ठ महिला नेत्रीके रूप में जगह बना चुकी है।

### पारिवारिक मामले...

दो दर्जन लोगो ने अचानक हमला कर दिया जिससे मै गंभीर रूप से घायल होने के कारण पुलिस के समक्ष एफआईआर भी दर्ज नही करा पाया हूॅ। अभी वर्तमान में भोपाल के अस्पताल में आप्रेशन के बाद उपचाररत हूॅ। वहीं कांग्रेस के नेता भाजपा का नाम पूरे मामले में जोडकर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का काम कर रहे है।

### परिवार से जुड़ा है मामला

पूरा मामला मेरे परिवार से जुड़ा हुआ है तथा व्यक्तिगत है इसमें पार्टी का कोई लेना देना नही है। जिस तरह से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की भाषा पूरे मामले में सुनाई दी है वह आपत्ति जनक है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उलजुलूल बयान देकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश कर रहे है। पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सिर्फ वोट की राजनीति के चलते एक व्यक्तिगत मामले में जबरन की राजनीति करते हुए झूठ बोल रहे है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निलय डागा को तो पूरे मामले की जानकारी भी नहीं है। हम जमीन का सीमांकन कराने गए थे वहां पुलिस पर हम पर हमला हुआ।

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

पुलिस के द्वारा मामला पंजीबद्व किया गया है उस मामले मे आवेदक भी मैं नहीं हूं। मैं चाहता हूॅ कि जो जमीन मेरे परिजनों द्वारा खरीदी गई है उसका सामान्य सीमांकन हो जाए इसमें किसी तरह के कब्जे जैसी कोई चींज नहीं है। कांग्रेसी भोले भाले आदिवासियों को गुमराह करके मामले को जातिगत तूल दे रहे है जबकि आदिवासियों से मेरा व्यक्तिगत कभी कोई भी विवाद नहीं रहा है और न ही मैं आदिवासियों से लड़ाई झगड़ा करने गया था। कांग्रेस सिर्फ लोगो को बरगलाने और झूठ बोलकर भडकाने का काम कर रही है।

### अनसोल्ड आठ...

दसवें चरण के लिए न्यूनतम ऑफर मूल्य का बंधन समाप्त कर दिया गया है। अब इच्छुक ठेकेदार आफसेट मूल्य से कितनी भी कम राशि का टैंडर डाल सकता है वहीं ई ऑक्शन में बीड लगा सकता है। इच्छुक ठेकेदार 30 मार्च दोपहर 1 बजे से 31 मार्च दोपहर 2 बजे तक ई टैंडर एवं ई टैंडर कम ऑक्शन हेतु ऑनलाइन टैंडर प्रपत्र डाउनलोड कर ऑफर सबमिट कर सकता है। 31 मार्च को दोपहर 2.05 बजे ई टैंडर कम ऑक्शन प्रपत्र खोले जाएंगे। ई टैंडर कम ऑक्शन अंतर्गत दोपहर 4.30 बजे से ऑक्शन समाप्त होने तक बीड लगा सकेंगे। ई टैंडर प्रपत्र दोपहर 4 बजे या ई ऑक्शन समाप्ति के बाद ओपन किए जाएंगे। न्यूनतम ऑफर बंधन समाप्त होने से अब जिले की आठों शराब दुकानों की नीलामी होने की संभावना है।

### एकल दुकानों के होंगे टैंडर

शराब दुकानों की नीलामी के सातवें चरण तक टैंडर ग्रुप में हुए थे। आठवें चरण में ग्रुप के साथ ही एकल दुकानों के भी टैंडर हुए थे। अब दसवें चरण के लिए सभी ग्रुप निरस्त कर दिए हैं। अब सभी 8 एकल शराब दुकानों के टैंडर होंगे। इन आठ दुकानों में बैतूल गंज क्रमांक एक, बैतूलबाजार क्रमांक एक और दो, भैंसदेही क्रमांक एक और दो, आमला क्रमांक एक, सारनी क्रमांक एक और बगडोना शराब दुकान के टैंडर होंगे।

### ताप्ती से बिछाई...

या नहीं।

### सामग्री का था अभाव, जल्द होंगे टेंडर

सीएमओ श्री पांडेय ने जब इन सबके बारे में जानकारी ली तो पाया कि कई जरुरी सामग्री ही मौजूद नहीं है। कई सामग्रियों के तो टेंडर तक नहीं हुए हैं। इस पर तुरंत ही उन्होंने टेंडर पर हस्ताक्षर किए और टेंडर लगाने को कहा ताकि किसी भी जरुरी सामग्री का अभाव न रहे और अचानक भी कोई परेशानी आ जाए तो तुरंत उसका हल किया जा सके। इससे जल प्रदाय व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावित नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सहायक यंत्री नीरज धुर्वे, जलप्रदाय शाखा प्रभारी धीरेंद्र राठौर और सब इंजीनियर नगेंद्र वागद्रे भी मौजूद थे।

### अभी यह है जल प्रदाय व्यवस्था की हालत

वर्तमान में स्थिति यह है कि शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं आने से फिल्टर प्लांट की पूरी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। एक नई टंकी को बनने के बाद से अभी तक नहीं भरी जा सकी है। इसके अलावा 4 और नई टंकियों का निर्माण भी हो रहा है। नगर पालिका के पास फिल्टर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह सारी स्थिति बन रही है। दूसरी पाइप लाइन बिछ जाने से यह सब समस्याएं समाप्त हो जाएंगी, क्योंकि अभी से दोगुनी मात्रा में यहां पानी लाया जा सकेगा।

### सहायक यंत्री होंगे इन दो शाखाओं के प्रभारी

शहर की जल प्रदाय और बिजली व्यवस्था चाक-चौबंद रहे, इसके लिए सीएमओ नवनीत पांडेय ने बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने जल प्रदाय और बिजली शाखा का प्रभारी सहायक यंत्री नीरज धुर्वे को बना दिया है।

### संपदा 2.0...

लिए ऑप्शन क्लिक किया जाता है तो पोर्टल पूरी स्टॉप ड्यूटी को जोड़कर (500-500) प्रापर्टी का 5-5 प्रतिशत याने 10 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क बता रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है।

### ऐसी होना चाहिए गणना

संपदा 1.0 में इस तरह की कोई त्रुटि नहीं थी। संपदा 1.0 में नजूल पट्टा अथवा न्यायालय से मिली डिक्री के आधार पर बंटवारे के लिए बकायदा अलग-अलग ऑप्शन दिए गए थे। इन ऑप्शनों के अलावा कुल प्रापर्टी जिस पर बंटवारा किया जाना है उसके सबसे कम हिस्से का वैल्यूवेशन निकालकर पोर्टल 5 प्रतिशत स्टॉप शुल्क लेता था। इस प्रक्रिया से आसानी से बंटवारे हो रहे थे लेकिन संपदा 2.0 में कई त्रुटियों के चलते नजूल के पट्टे, न्यायालय से मिली डिक्री के आधार पर बंटवारे नहीं हो पा रहे हैं।

### इनका कहना...

संपदा 2.0 पोर्टल में बंटवारे से संबंधित प्रापर्टी का वैल्यूवेशन (जोड़कर) डबल कर 5 प्रतिशत के बजाए 10 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क का आप्शन आ रहा है जो कि गलत है। इस विषय में हमने ऑनलाइन शिकायत की है, लेकिन अभी तक शिकायत का निराकरण नहीं हुआ है।

**मुन्ना चौरे, सर्विस प्रोवाईडर, बैतूल**

संपदा 2.0 पोर्टल में त्रुटि की शिकायत सर्विस प्रोवाईडर द्वारा की गई है। शिकायत का निराकरण जल्द कराया जाएगा।

**दिनेश कौशले, जिला पंजीयक, बैतूल**

### एमपी महिला...

जीता था।

### खिलाड़ियों को दी बधाई

इस उपलब्धि पर बैतूल के खेल प्रेमियों और हॉकी से जुड़े पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है। पूर्व खिलाड़ी प्रदीप खंडेलवाल, हॉकी संघ बैतूल के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, देवेंद्र पाटिल, मुकेश वर्मा सहित अन्य खेल अधिकारियों और खिलाड़ियों ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के लिए बैतूल जिले के पांच खिलाड़ियों का मध्यप्रदेश हॉकी टीम में चयन हुआ था, जो जिले के लिए गर्व की बात है। जनजातीय क्षेत्र से आने वाले इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच बनाई है।

### समय पर होंगी...

तो उसे वापस पार्टी से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को अपनी भूल को याद रखते हुए और सामने वाले की भूल को माफ करते हुए बड़े दिल के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि पार्टी और अधिक मजबूत हो सके।समापन सत्र में पूर्व मंत्री कमल पटेल, डॉ. प्रभुराम चौधरी, भरतसिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, देवी सिंह सांखला, बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, मनीष निशोद, नगर मंडल अध्यक्ष नितेश बादर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सूरतलाल साहू कोल्हे का निधन, अंत्येष्टि आज



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भैंसदेही ब्लॉक के ग्राम झल्लार निवासी सूरतलाल साहू कोल्हे का रविवार दोपहर 1.50 बजे निधन हो गया है। वे 82 वर्ष के थे। श्री साहू कोल्हे अपने पीछे पत्नी नर्मदी साहू, 2 बेटे नारायण साहू, राजू साहू एवं 2 बेटी सुशीला साहू, रजनी साहू का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

स्वर्गीय श्री साहू की अंतिम यात्रा सोमवार 30 मार्च को प्रातः 11 बजे झल्लार स्थित निज निवास से निकलेगी, जो खेड़ी ताप्ती पर पहुंचेगी। वहां पर उनका पारंपरिक रीति-रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वर्गीय श्री साहू को बैतूल के विनोबा वार्ड स्थित यश इलेक्ट्रानिक्स परिवार विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित करता है और परिवार पर आए अचानक इस दुःख की घड़ी को सहन करने एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।

## महावीर जयंती पर आज रहेगा अवकाश

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनभावनाओं एवं स्थानीय परिस्थितियों के दृष्टिगत महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को जिले में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है। पूर्व में घोषित 31 मार्च के स्थान पर अब 30 मार्च को अवकाश रहेगा। 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे।

## मां माचना नदी पर चला स्वच्छता अभियान

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा रविवार को मां माचना नदी के घाट एवं बोरी बंधान क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नदी के जीर्णोद्धार को ध्यान में रखते हुए घाट क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई, जिसमें गाद, कचरा और अन्य अवांछित पदार्थों को हटाया गया। अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मियों के साथ परिषद की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नगर परिषद अध्यक्ष विक्की नायक एवं सीएमओ केएस उइके स्वयं मौके पर मौजूद रहे और सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। सामूहिक प्रयासों से घाट क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सफलता मिली। नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखें और कचरा न फैलाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ जल स्त्रोत सुरक्षित रह सकें।

ॐ गं गणपते नमः



पं. डॉ कांत दीक्षित

## सप्ताह के व्रत पर्व

### दिनांक 30/03/2026 से 05/04/2026 तक

| | |
|---|---|
| 30.03.2026 सोमवार | चैत्र शुक्ल द्वादशी। प्रदोष सोम प्रकोष। अनंग त्रयोदशी। वामन द्वादशी। मदन द्वादशी। |
| 31.03.2026 मंगलवार | चैत्र शुक्ल त्रयोदशी। चतुर्दशी। महावीर जयंती। दमनक चतुर्दशी। |
| 01.04.2026 बुधवार | चैत्र शुक्ल शुक्ल। चतुर्दशी पूर्णिमा। |
| 02.04.2026 गुरूवार | चैत्र शुक्ल पूर्णिमा। हनुमान जन्म उत्सव। |
| 03.04.2026 शुक्रवार | वैशाख कृष्ण प्रतिपदा। वैशाख स्नान आरंभ। गुड फ्राई डे। |
| 04.04.2026 शनिवार | वैशाख कृष्ण द्वितिया। |
| 05.04.2026 रविवार | वैशाख कृष्ण तृतीया। ईस्टर संडे। संकष्टी चतुर्थी। चन्द्रोदय रात्रि 9.54 पर। |

**प्लाट बेचना है**

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है

3103

संपर्क करे : 9424042239

**प्लाट बेचना है**

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है।

0504

:: संपर्क करे :: 9425693399

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, सोमवार 30 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-67 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.




# निकाय चुनाव के 15 महीने पहले पकड़ाया एल्डरमैन का झुनझुना

## ▪ जिले के10 नगरीय निकायों में 48 भाजपाइयों की बैकडोर एंट्री

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। अगले साल जून माह में होने वाले नगरीय चुनाव के मात्र 15 माह पूर्व सरकार ने नगरीय निकायों (नगर पालिका और नगर परिषद) में भाजपा नेताओं को एल्डरमैन का झुनझुना पकड़ाकर बैकडोर एंट्री करवाई है। नवनियुक्त एल्डरमैन निकायों की बैठक में शामिल होकर चर्चा में भी भाग ले सकते हैं लेकिन किसी महत्वपूर्ण मुद्दों पर वोटिंग होने की स्थिति में ये वोटिंग नहीं कर पाएंगे। यानि नवनियुक्त एल्डरमैन निकाय की बैठकों चर्चा में ज्ञान तो बांट सकते हैं लेकिन निर्णायकों भूमिका निभाने में असक्षम रहेंगे। निकाय चुनाव के पूर्व सरकार ने असंतुष्ट नेताओं का मुंह बंद करने और निकाय क्षेत्रों में संतुलन बनाने एल्डरमैन नियुक्त कर दिए हैं ताकि 15 माह बाद होने वाले निकाय चुनावों में पार्टी को अंदरूनी विरोध का सामना न करना पड़े। सरकार द्वारा प्रदेश की 123 नगर परिषदों में 4-4 और 46 नगर पालिकाओं में 6-6 एल्डरमैन नियुक्त हैं। बैतूल जिले की 4 नगरीय पालिकाओं में 24 और 6 नगर परिषदारें में 24 कुल 48 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं।**



नगरीय निकायों में सरकार द्वारा सत्तारूढ़ दल की सिफारिश पर एल्डरमैन की नियुक्ति करती है ताकि पार्षद का चुनाव नहीं लड़ पाए या हार शेष पेज 2 पर..

## *एल्डरमैन के रास्ते शहरी राजनीति में रश्मि की एंट्री*

### *▪ पंचायत प्रतिनिधि रह चुकी श्रीमती साहू अब निकाय की राजनीति में होंगी सक्रिय*



*प्रदेश सरकार द्वारा रविवार को घोषित नगरीय निकायों के एल्डरमैन में बैतूल नगर पालिका में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि साहू को भी एल्डरमैन बनाकर नगरीय निकाय की राजनीति में सक्रिय कर दिया है। ऐसे बहुत कम नेता होते हैं जिन्हे पंचायत प्रतिनिधि रहकर ग्रामीण क्षेत्रों की राजनीति करने के बाद नगरीय निकाय की राजनीति करने का भी मौका मिले लेकिन भाजपा नेत्री श्रीमती रश्मि साहू की पार्टी के प्रति निष्ठा, उनकी कर्मठता और पार्टी द्वारा संगठन में दी गई जिम्मेदारियों को पूर्ण लगन, निष्ठा और ईमानदारी से निभाने के उनके जज्बे से वे अल्प समय में ही संगठन में लोकप्रिय हो गई।*

*इसी का परिणाम है कि 2005 में उनके जिला पंचायत सदस्य चुने जाने के बाद से ही उन्हें संगठन में महिला मोर्चा जिला महामंत्री, दो बार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, 2019 से लगातार भाजपा जिला उपाध्यक्ष और अब बैतूल नपा में एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। श्रीमती साहू को सरल और शिक्षित महिला होने से* शेष पेज 2 पर..

# संपदा 2.0 की खामी बनी बंटवारे की परेशानी

- प्रार्पटी के वैल्यूवेशन से दोगुना स्टाम्प ड्यूटी की गणना कर रहा पोर्टल
- शिकायत करने के 8 दिन भी पोर्टल पर नहीं सुधारी गई समस्या

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** सरकार के खजाने में राजस्व की बढ़ोत्तरी हो सके इसके लिए सरकार द्वारा प्रापर्टी (जमीन) की खरीदी-बिक्री पर स्टाम्प शुल्क लिया जाता है। लेकिन नजूल पट्टे के बंटवारे और न्यायालय से बंटवारे की मिलने वाली डिक्री जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्टर्ड नहीं हो पा रही है। इसकी मुख्य वजह यह है कि संपदा 2.0 पोर्टल में सबसे पहले तो बंटवारे का आप्शन ही नहीं है। वहीं दूसरी समस्या यह है कि प्रापर्टी का जो वैल्यूवेशन पोर्टल कर रहा है उसमें (बांटी गई प्रापर्टी जोड़कर) दोगुनी स्टाम्प ड्यूटी मांग रहा है जिससे जिला पंजीयक कार्यालय में नजूल पट्टे के बंटवारे और न्यायालय से बंटवारे की मिली डिक्री का पंजीयन ही नहीं हो पा रहा है। कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष समाप्त होने को आ रहा है बावजूद इसके बंटवारे के दर्जनों प्रकरण सिर्फ इसलिए पंजीकृत नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि संपदा 2.0 पोर्टल गलत गणना कर रहा है।

### गैर रक्त संबंध के बंटवारे का नहीं है आप्शन

संपदा 2.0 पोर्टल पर वैसे तो कई त्रुटियां है जिसकी वजह से सरकार को स्टाम्प ड्यूटी नहीं मिल पा रही है। सरकार इन त्रुटियों को जब तक दुरूस्त नहीं करती तब तक बंटवारे से संबंधित दस्तावेज जिला पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत ही नहीं हो सकेंगे। संपदा 2.0 पोर्टल में सबसे बड़ी खामी यह भी सामने आई है कि यदि दो व्यक्ति जिनका आपस में रक्त संबंध नहीं है और उन्होंने यदि कोई प्रापर्टी पूर्व में शामिल में खरीदी थी जिसका वह अब बंटवारा करना चाहते हैं तो संपदा 2.0 पोर्टल में इसका आप्शन ही नहीं दिया गया है। इस स्थिति में भी बंटवारा नहीं हो पा रहा है और सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### दो गुनी कर रहा गणना

संपदा 2.0 पोर्टल की एक खामी यह भी है कि यदि बंटवारा करने के लिए संपदा 2.0 के पोर्टल पर दिए गए कुटुम्ब पर अथवा न्यायालय की डिक्री वाले आप्शन पर जाएं तो वह किस तरह की गणना कर रहा है? इस उदाहरण से समझिए। जियो टैग से प्रापर्टी की कीमत का आंकलन कर बताता है कि यह प्रापर्टी 1 हजार रुपए की है। इसमें नियमानुसार 500 (आधी प्रापर्टी जो कि कम है) रुपए की प्रापर्टी पर 5 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी लेना चाहिए। लेकिन पोर्टल में जब भुगतान के शेष पेज 2 पर..

# पारिवारिक मामले को राजनैतिक रंग दे रही कांग्रेस: भास्कर मगरदे



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जित्तू पटवारी, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के आरोपो को झूठा बताते हुए कहा कि विकास खंड प्रभातपटटन के ग्राम खेडीरामोसी में गत दिनो मेरे परिजनो द्वारा खरीदी गई जमीन के सीमांकन के दौरान हुए हमले की कहानी अपने मन से सूना रही है। कांग्रेस इस मामले को राजनैतिक तूल देकर सिर्फ सामाजिक मतभेद पैदा करने का काम कर रही है।

### सीमांकन के दौरान किया हमला

मेरी माताजी ने जो जमीन खरीदी तब विक्रेता गैर आदिवासी था जमीन खरीदी के बाद सीमांकन एक सामान्य प्रक्रिया है जिसका आवेदन किया गया था प्रशासन ने सीमांकन के दौरान विवाद की आशंका को देखते हुए पुलिस को सूचना दी थी सीमांकन के दौरान तकरीबन शेष पेज 2 पर..

# ताप्ती से बिछाई जाएगी दूसरी पाइप लाइन, रोज मिलेगा पानी

## सीएमओ ने बैराज पहुंच कर किया मुआयना, बैकअप प्लान की ली जानकारी

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को दुरूस्त करने नगर पालिका के नवागत सीएमओ नवनीत पांडेय ने कमर कस ली है। इसी सिलसिले में रविवार को उन्होंने नपा के इंजीनियरों के साथ खेड़ी स्थित ताप्ती बैराज का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गर्मी में जल संकट से बचाव और बैकअप प्लान की जानकारी ली वहीं रोजाना पानी की सप्लाई के विकल्पों की तलाश की। इसमें सबसे बेहतर विकल्प यह सामने आया है कि ताप्ती से बैतूल तक एक और पाइप लाइन बिछाई जाएं।**

सीएमओ श्री पांडेय ने ताप्ती बैराज का मुआयना किया और आज जल प्रदाय व्यवस्था की विस्तृत जानकारी लेते हुए भविष्य के लिए प्लानिंग तैयार की। अभी शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई होती है। सीएमओ श्री पांडेय की प्लानिंग है कि इसे जल्द से जल्द प्रतिदिन पर लाया जाएं। इसके विकल्प तलाशने पर यह बात सामने आई कि नपा के फिल्टर प्लांट की क्षमता 23 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की है, लेकिन ताप्ती से अभी साढ़े 7 एमएलडी पानी ही आ पाता है। यदि एक पैरेलल पाइप लाइन और बिछा दी जाए तो 15 एमएलडी पानी आ सकता है और यह पूरा-पूरा फिल्टर करके सप्लाई किया जा सकता है। नर्मदापुरम में ऐसा ही करके पर्याप्त पानी की व्यवस्था की गई है।

इसलिए उन्होंने यहां भी एक और पाइप लाइन बिछाने की पूरी कार्ययोजना तैयार कर 10 दिनों में उपलब्ध कराने के निर्देश सहायक यंत्री नीरज धुर्वे को दिए हैं। डीपीआर बनने पर इसे शासन को भेजा जाएगा। हालांकि इस पूरे प्रोजेक्ट की स्वीकृति और उसे अमलीजामा पहनाने में काफी वक्त लगेगा, लेकिन दो पाइप लाइन होने से शहर की डेढ़ लाख की आबादी को भविष्य में दिक्कतों का सामना नहीं करना होगा और रोजाना पानी मुहैया हो सकेगा।



### गर्मी में कैसे निपटेंगे जल संकट से

जल प्रदाय की व्यवस्था की जानकारी लेकर सीएमओ श्री पांडेय ने यह भी विस्तार से देखा कि गर्मी में जल संकट के बचाव के लिए फिलहाल नपा के पास क्या-क्या व्यवस्था है। यदि अचानक कोई परेशानी खड़ी हो जाए तो उससे निपटने के लिए नपा के पास बैकअप प्लान है या नहीं। यदि ताप्ती बैराज या माचना एनीकट की मोटर अचानक जल जाएं या पाइप लाइन फूट जाएं तो अतिरिक्त मोटरें या मरम्मत सामग्री है शेष पेज 2 पर..

# अनसोल्ड आठ शराब दुकानों में न्यूनतम ऑफर का कोई बंधन नहीं

## ▪ ग्रुप का प्रावधान समाप्त, एकल दुकानों के होंगे टैंडर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** साल 2026-27 के लिए शराब दुकानों की नीलामी के 9 चरण पूर्ण होने के बाद भी अनसोल्ड रही जिले की 8 शराब दुकानों की नीलामी के लिए दसवें चरण की टैंडर प्रक्रिया आज से होगी। आबकारी विभाग द्वारा दसवें चरण के लिए न्यूनतम ऑफर का बंधन समाप्त कर दिया है। साथ ही ग्रुप भी समाप्त कर दिए हैं। अब एकल दुकानों के टैंडर ही होंगे। रविवार को नवमें चरण के टैंडर ओपन हुए जिसमें जिले की किसी भी शराब दुकान के लिए कोई टैंडर नहीं आए हैं। अब दसवें में आबकारी विभाग ने किसीभी दाम पर दुकानों की नीलामी करने का मन बना लिया है। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशमन चढार ने बताया कि नवमें चरण में जिले की अनसोल्ड रही आठ शराब दुकानों के लिए कोई भी टैंडर नहीं आए हैं जिससे अब इन दुकानों की टैंडर प्रक्रिया आज से शुरू हो रही दसवें चरण में की जाएगी। शेष पेज 2 पर..

## *हर कर्मचारी को करना होगा डायरी मेंटेन, वर्किंग के आधार पर मिलेगा वेतन*

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर पालिका सीएमओ नवनीत पांडेय ने कर्मचारियों की स्वच्छंद कार्यशैली पर अंकुश लगाना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में उन्होंने आदेश जारी कर नई व्यवस्था सभी के लिए लागू कर दी है। अब कर्मचारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग भी होगी और उन्हें डेली की प्रोग्रेस भी दिखाना होगा। सीएमओ श्री पांडेय द्वारा बनाई गई नई व्यवस्था के अनुसार अब हर कर्मचारियों को डायरी मेंटेन करना होगा। इसमें रोजाना उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करना होगा। सीएमओ कभी भी किसी भी कर्मचारी को बुलाकर उसकी डायरी का अवलोकन कर सकते हैं। नई व्यवस्था में केवल कार्यालय में हाजिर होकर हाजरी लगा देना भर पर्याप्त नहीं होगा। इस हाजरी के आधार पर उनका वेतन नहीं बनेगा, बल्कि यह देखा जाएगा कि उसने महीने भर में काम कितना किया है। उसके द्वारा किए गए काम के आधार पर वेतन बनेगा। सीएमओ द्वारा यह आदेश जारी करते ही मनमौजी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। वजह यह है कि अब उन्हें अपनी मर्जी से काम करने का मौका नहीं मिलेगा, बल्कि नियमानुसार काम करना और दिखाना भी होगा।*

# एमपी महिला हॉकी टीम राजनांदगांव में बनी चैंपियन

## ▪ बैतूल के खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने दी बधाई




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** हॉकी इंडिया वेस्ट जोन जूनियर अस्मिता हॉकी लीग में मध्यप्रदेश महिला टीम के चैंपियन बनने पर बैतूल में खुशी का माहौल है। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में खेले गए फाइनल में एमपी ने महाराष्ट्र को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

### काजल ने किया 4 गोल

फाइनल मुकाबले में एमपी की ओर से काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 गोल दागे, जबकि टीम की सानिया सैयद ने एक गोल किया। इस जीत के साथ एमपी टीम को 1 लाख 80 हजार रुपए का कैश प्राइज मिला। महाराष्ट्र को 1 लाख 44 हजार रुपए से संतोष करना पड़ा। टूर्नामेंट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए एमपी टीम शीर्ष स्थान पर रही। इससे पहले सब जूनियर लीग में भी एमपी की टीम ने खिताब शेष पेज 2 पर..

# समय पर होंगी निगम-मंडल में नियुक्तिः प्रदेशाध्यक्ष

## ▪ बोले-हेमंत खण्डेलवाल मूंग की भी की जाएगी खरीदी

**हरदा (राष्ट्रीय जनादेश)। निगम मंडल में नियुक्तियां तय सीमा सीमा में की जाएगी। इतना ही नहीं मूंग की खरीदी भी सरकार द्वारा की जाएगी। उक्त उद्बोधन हरदा शहर के बायपास रोड पर स्थित रेवा गार्डन में रविवार को भाजपा नगर मंडल के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही। उन्होंने कहा कि कोई भी पद खाली नहीं रहेगा और सभी नियुक्तियां निश्चित समय पर की जाएंगी।**



### नहीं रहेगा कोई भी पद खाली


प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर नियुक्ति निश्चित समय पर करती है। सरकार या पार्टी में कोई भी पद खाली नहीं रहेगा। उन्होंने नगर परिषदों में एल्डरमैन की नियुक्तियों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कई कार्यकर्ता इन विषयों के जानकार हैं, जिन्हें शासन ने नगर पालिका और नगर परिषद में नियुक्त किया है। ये अपनी जानकारी और ज्ञान का उपयोग नगर के विकास में करेंगे।

### किसानों की सरकार है भाजपा

प्रदेश में मूंग खरीदी न होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि जो आपने पूछा वह हुआ ना। आगे भी निश्चिंत रहिए। भाजपा किसानों की सरकार है। इस बयान से उन्होंने मूंग खरीदी को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो राष्ट्र को प्रथम रखते हुए कार्य करता है, पार्टी दूसरे नंबर पर और कार्यकर्ता तीसरे नंबर पर आता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बड़ा दिल रखकर काम करने, पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करने और उनसे समय-समय पर मार्गदर्शन लेने का आग्रह किया।

### बड़े दिल के साथ करना चाहिए कार्य

खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को यह भी सलाह दी कि यदि कोई साथी किसी कारणवश नाराज हो गया है या दूर हो रहा है, शेष पेज 2 पर..



जीवेत् शरदः शतम्

मिलनसार- मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी, सीएम राईज स्कूल घोड़ाडोंगरी के प्राचार्य

भाई विवेक तिवारी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: दैनिक राष्ट्रीय जनादेश, बैतूल



जीवेत् शरदः शतम्

यश न्यूज पेपर एजेंसी, आठनेर के संचालक, व्यवहार कुशल

ओमप्रकाश सोनी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभेच्छु: दैनिक राष्ट्रीय जनादेश, बैतूल

# सोशल मीडिया कर रहा नैतिक पतन, लगना चाहिए प्रतिबंधः महंत राघवदास

## ▪ अपना धर्म त्यागना सबसे बड़ी नपुंसकता, दूसरा धर्म अपनाने से तुच्छ कुछ नहीं

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सोशल मीडिया से समाज में गंदगी फैल रही है। इससे नैतिक पतन हो रहा है, भोगवाद को बढ़ावा मिल रहा है। इसलिए इस पर तत्काल प्रतिबंध लगना चाहिए। हमें सरकार और सभी राजनेताओं से यह मांग करना चाहिए। इसी तरह मोबाइल भी हमारे जीवन में एक आतंक और वायरस है। इस पर अब सुनाई कम और दिखाई ज्यादा देता है। यह मोबाइल बच्चों को शत-प्रतिशत बर्बाद कर देगा। यह बात श्री अर्जीवाले हनुमान मंदिर, मोती वार्ड, बैतूल में चल रही राम कथा स्थल पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महंत जगन्नाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर 1008 श्री राघवदास जी महाराज ने कही।**

राघवदास जी महाराज ने कहा कि हनुमान जी कलिकाल के प्रत्यक्ष देवता हैं। वे चारों युग में यथावत हैं। पूरा राष्ट्र और विश्व रामजी का है। हनुमान जी का सिर्फ स्मरण करने की आवश्यकता है। माता सीता ने हनुमान जी को अजर-अमर होने का वरदान दिया था। इसलिए हनुमान जी को चिरंजीव भी कहा जाता है। यज्ञ का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ अपने लिए नहीं सबके लिए होता है। यज्ञ का नाश नहीं होता। यज्ञ में जो भी दिया जाता है वह प्रकृति को दिया जाता है। इस दुनिया में सब का बंटवारा हो सकता है लेकिन भगवान ही ऐसे हैं जिनका बंटवारा नहीं होता है। भगवान को सिर्फ पाया जा सकता है। उसका एक ही मार्ग है और वह है सत्संग। इसलिए प्रत्येक इंसान को समय निकालकर सत्संग जरूर करना चाहिए ताकि भगवान को पाया जा सके।

### हर युग में रहा है पाखंड, अभी कम

राघवदास जी महाराज ने कहा कि धर्म के प्रति सभी की आस्था होना चाहिए। आज धर्म के प्रति आस्था कम हो रही है। अपने धर्म को त्यागने से बड़ी नपुंसकता दूसरी कोई नहीं। दूसरे का धर्म अपनाने से तुच्छ कुछ नहीं। आज कई लोग धर्म के नाम पर लोगों को ठगते भी है, यह ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि पाखंड हर युग में रहा है, लेकिन इस युग में कम है। पाखंडियों के उपासक आज भी है। हमें चाहिए कि पाखंड का विरोध करें। बुद्धि से काम लें और पाखंड को दूर करें। धर्म को कोई नाश नहीं



कर सकता, उसके रक्षक परमात्मा हैं।

### युवाओं के सुधार से दिव्य होगा भारत

राघवदास जी महाराज ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। उन्हें कंट्रोल करना होगा। इसके लिए बड़ों को कमर कसना होगा। युवाओं के सुधार से ही भारत दिव्य होगा। आज के जीवन में तनाव को लेकर उन्होंने कहा कि भागने से समस्या का समाधान नहीं होगा। केवल बैठने पर ही समस्या का हल हो सकता है।

### सोचने की शक्ति कम करता है नशा

उन्होंने कहा कि आज युवा नशे की गिरफ्त में है। नशा सोचने की शक्ति कम करता है, वास्तविक नहीं सोचने देता, सर्वनाश करता है। इसकी एक वजह यह भी है कि युवाओं को दिशा निर्देश देने वाला बूढ़ा गड़बड़ा गया है। इसलिए वृद्धजनों को भी युवाओं के लिए आगे आना होगा।

### पहले गुरूकुल थे, अब यीशुकुल हैं

राघवदास जी महाराज ने आगे कहा कि पहले गुरूकुल थे, अब यीशुकुल हैं। शिक्षा से सनातन नदारद है। इसलिए रिश्तों से आत्मीयता खत्म हो रही है। इस व्यवस्था ने धर्म को समाप्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि सनातन को शिक्षा में शामिल करने की मांग हुई है। यूपी में अब व्याकरण में सनातन धर्म का चेप्टर भी होगा। सरकारें इस दिशा में काम कर रही है पर लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। हमारा धर्म न्यायोचित है। धर्म, परपंरा, संस्कृति को बचाना है तो बच्चों को संस्कारित बनाना होगा। विडंबना है कि जिन्होंने कुछ नहीं किया वे इतिहास में पढ़ाए जा रहे हैं और जिन्होंने किया वे कहीं नहीं हैं। किताबों में अध्यात्म और समाज सुधार का एक अध्याय होना चाहिए।

### राजनेताओं को सिखाएं सबक

राघवदास जी महाराज ने राजनेताओं की वादाखिलाफी पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले राजनेता जनता की खूब मान मनुहार करते हैं, लेकिन जीतते ही गायब हो जाते हैं। आम लोगों की समस्या, खुद के द्वारा किए गए वादों, समाज की विद्रूपताओं पर उनका कोई ध्यान नहीं होता। अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध को लेकर उन्होंने कहा कि इस युद्ध की चिंता वे कर रहे हैं जो कुछ नहीं कर रहे हैं और खा-पीकर घर में बैठे हैं। भारत ने बड़े-बड़े युद्ध देखें हैं। जल्द ही यह युद्ध भी शांत हो जाएगा। शब्द की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि शब्द का कभी नाश नहीं होता, वह कभी मरता नहीं है। इसलिए ऐसे शब्द न बोलें जिससे किसी को बुरा लगे। पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन समिति के आरकेजी वर्मा, बसंत (बाबा) माकोड़े, कैलाश (बंडू) धोटे, कपिल वर्मा सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

---

# भागवत कथा सुनने मात्र से 7 दिनों में ही मिलती है मुक्ति

▪ *ठेमगांव में आयोजित भागवत कथा में पंडित अखिलेश परसाई ने बताई महिमा*



***गुदगांव (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *भैंसदेही विकासखंड के ग्राम ठेमगांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा में पं. अखिलेश परसाई ने ध्रुव चरित्र, जड़ भरत की तथा शिवसती चरित्र कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ईश्वर की भक्ति एवं ज्ञान वैराग्य के द्वारा जीव के समस्त पाप नष्ट होते हैं तथा भागवत नाम से उसे 7 दिन में ही मोक्ष की प्राप्ति तथा ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है। यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सुनने से प्राणी मात्र 7 दिन में ही मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। आयोजन में संगीत टोली गुलशन गायकवाड़ की टीम द्वारा मीठे-मीठे भजनों से भक्तों को लुभाया जा रहा है और ग्राम ठेमगांव को भक्ति में आनंदित कर भक्तिमय कर रहे हैं। कथा का श्रवण करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 27 मार्च से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक संस्कृत पाठ तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित अखिलेश परसाई के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जा रही है। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का समापन 2 अप्रैल को हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ किया जाएगा।*

---

## नप चिचोली में नियुक्त एल्डरमेनों को दी बधाई

***चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *एलडरमैन की बहुप्रतीक्षित सूची रविवार को जारी हो गई। नगर परिषद में चार एल्डरमैनों की नियुक्ति की गई है। भाजपा नेता अमित देश पांडे, भाजपा नेता कृष्णा सोनी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अमर सिंह राठौर, भाजपा नेता प्रकाश कटारे को नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाह, नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय, उपाध्यक्ष वर्षा आंवलेकर, मंडल अध्यक्ष अमन आवलेकर, महामंत्री अमन कुशवाह, बाली मालवीय, रितेश मालवीय, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीतू आंवलेकर, मुकेश मालवीय, संजू आवलेकर, उमेश पेठे, बाबू पानकर ने बधाइयां दी है।*

---

# अधूरी पड़ी पुलिया, नहीं जा पा रही एंबुलेंस और अन्य वाहन

## ▪ किसान नहीं ला पा रहे खेतों से अपनी उपज, लोगों में आक्रोश

**रानीपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम पंचायत रानीपुर में विकास की गति पर ग्राम पंचायत विभाग की लापरवाही का 'ताला' लग गया है। पिछले कई दिनों से निर्माणाधीन पुलिया का काम बंद पड़ा है, लेकिन अब स्थिति विस्फोटक हो गई है। थाने के भीतर से गुजरने वाला एकमात्र वैकल्पिक मार्ग भी बंद कर दिए जाने से गांव का संपर्क पूरी तरह कट गया है। अब न तो गंभीर मरीजों को लेकर एंबुलेंस अस्पताल पहुंच पा रही है और न ही किसान अपनी खून-पसीने की कमाई (उपज) लेकर घर तक आ पा रहे हैं।



### रास्ता बंद होते ही संपर्क टूटा

पुलिया निर्माण के दौरान आवाजाही के लिए रानीपुर थाने के अंदर से एक अस्थाई रास्ता दिया गया था। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस इसी मार्ग से होकर अस्पताल पहुंच रही थी। लेकिन, अचानक इस मार्ग को भी बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अब अगर आधी रात को आस पड़ोस के ग्रामों से किसी को डिलीवरी के लिए या किसी की तबीयत बिगड़ती है, तो उसे अस्पताल ले जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है।

### साहब नदारद रहे, इसलिए बिगड़े हालात

ग्रामीण सदन मालवीय, सतीश जोगलेकर और उत्तम राठौर ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण के समय जिम्मेदार इंजीनियर कभी मौके पर मौजूद नहीं रहे। अगर इंजीनियर सामने खड़े होकर काम करवाते, तो गुणवत्ता भी बनी रहती और काम समय पर पूरा होता। अधिकारियों की अनुपस्थिति ने ठेकेदार को मनमानी करने की छूट दे दी, जिसका खामियाजा आज हजारों की आबादी भुगत रही है।

### खेतों में या रास्तों में फंसी उपज

यह समय किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। फसल कटकर तैयार है, लेकिन गांव के मुख्य रास्ते बंद होने और वैकल्पिक मार्ग छीन जाने से किसान अपनी उपज घरों या मंडियों तक नहीं ले जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो खासा आर्थिक नुकसान होगा।

### इंजीनियर का तर्क-वर्कर नहीं मिल रहे

जब इस अव्यवस्था को लेकर संबंधित विभाग के इंजीनियर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए एक रटारटाया जवाब दिया। इंजीनियर का कहना है कि 'वर्तमान में वर्कर (श्रमिक) नहीं मिल रहे हैं, जिसके कारण काम बंद है।' सवाल यह उठता है कि क्या विभाग की प्लानिंग इतनी कमजोर है कि श्रमिकों की कमी का बहाना बनाकर एक पूरी आबादी को खतरे में डाल दिया जाएं?

### ग्रामीण बोले- हम करेंगे आंदोलन

गांव के प्रबुद्धजनों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 24 घंटों के भीतर वैकल्पिक मार्ग नहीं खोला गया या पुलिया का काम युद्ध स्तर पर शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। मरीजों की जान से खिलवाड़ और किसानों की बर्बादी को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# नरवाई जलाने से फसलों में लगी आग

▪ मूंग की बोवनी करने जल्दबाजी कर रहे किसान

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्रामीण अंचलों में इन दिनों गेहूं की कटाई के बीच नरवाई जलाने का सिलसिला बेखौफ जारी है। मूंग की फसल बोने की जल्दबाजी में किसान खेतों में बची नरवाई को आग के हवाले कर रहे हैं, और आग फैलने पर बिजली के शॉर्ट सर्किट का हवाला दिया जा रहा है। इसका खामियाजा उन किसानों को भुगतना पड़ रहा है जिनकी गेहूं की फसल अभी कटनी बाकी है देखते ही देखते उनकी खड़ी फसल आग में जलकर राख हो रही है।



### नरवाई की आग से जल रही फसलें

पिछले करीब 15 दिनों से क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सिलपटी, रायपुर, पलासपानी, छितरी बढ़ सहित आसपास के गांवों में सैकड़ों एकड़ नरवाई जल चुकी है, साथ ही बड़ी मात्रा में गेहूं की खड़ी फसल भी इसकी चपेट में आ गई है। खास बात यह है कि अधिकतर मामलों में आग दोपहर के समय लगाई जा रही है, जब खेतों में मजदूर और अन्य किसान मौजूद नहीं रहते। जहां पर बिजली के तार और खंभे नहीं है वहां कैसे आग बिजली के तारों से लग सकती हैं। ग्राम कोटवार भी आगजनी का सही कारण वरिष्ठ अधिकारियों को बताना उचित नहीं समझ रहे है। अधिकतर आग गेहूं के कटे खेतों में लगाई जा रही हैं जो कुछ किसानों की खड़ी फसल को भी जला रही हैं।

### किसानों को हो रहा नुकसान

नरवाई जलाने से न सिर्फ किसानों की फसल को नुकसान हो रहा है, बल्कि इसका असर पर्यावरण और मिट्टी की सेहत पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, नरवाई जलाने से निकलने वाली हानिकारक गैसें वातावरण को प्रदूषित करती हैं, वहीं मिट्टी में मौजूद उपयोगी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे जमीन की उर्वरता घटती है और उत्पादन प्रभावित होता है। प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर पहले से ही प्रतिबंध लगाया गया है, बावजूद इसके यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि क्षेत्र में जहां-जहां आग की घटनाएं सामने आई हैं, उनकी जांच कराई जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस पूरी तरह तत्पर है।













## खबर एक नजर

### नगर परिषद में एल्डरमैनों की हुईं नियुक्ति



**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर परिषद में एल्डरमेन की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों से चार लोगों को एल्डरमेन बनाया गया है। जारी सूची के मुताबिक वार्ड क्रमांक 7 से अरुण पिता चंद्रगोपाल तिवारी, वार्ड क्रमांक 4 से डॉ. प्रद्युम्न कुमार पिता रामप्रसाद जैन, वार्ड क्रमांक 2 से रूपलता पति उमेश छुट्टू चौधरी तथा वार्ड क्रमांक 1 से सरला वर्मा पति डालचंद वर्मा को एल्डरमेन नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्त एल्डरमेन परिषद की बैठकों में भाग लेकर नगर विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव देंगे।स्थानीय नागरिकों ने भी इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे नगर के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### सिद्धेश्वर शिव मंदिर खंजनपुर में अखंड रामायण आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** सिद्धेश्वर शिव मंदिर खंजनपुर एवं सुयोग कॉलोनी विकास नगर में सिद्धेश्वरी महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा विगत 15 वर्षों से निरंतर अखंड रामायण का पाठ किया जाता रहा है। इस अवसर पर हनुमान जी का पूजन श्रृंगार ध्वज स्थापना के ही आज सोमवार प्रातः 10 बजे से अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ कर दूसरे दिन मंगलवार को सुबह अखंड रामायण के समापन के साथी ही हवन पूजन एवं भंडारा प्रसादी का वितरण सिद्धेश्वरी महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल खंजनपुर द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी सिद्धेश्वरी महिला मंडल की सदस्य श्रीमती चेतना सरियम ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी जनता अधिक से अधिक संख्या में आकर भाग लेवे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### नगर पालिका में हुई 6 एल्डरमैन की नियुक्ति



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्य प्रदेश शासन के नगरी विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद मुलताई में 6 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। नगर पालिका परिषद में पूर्व पार्षद श्यामू ढ़ोमने, बीना पंजाबी, सुनीता नागले, प्रीतम सिसोदिया, पूर्व पार्षद राजू चौबे, नगर मंडल महामंत्री निलेश चावरिया को मनोनीत किया गया गया है। नवनियुक्त मनोनीत एल्डरमैन को भाजपा संगठन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया गया है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, नगर मंडल महामंत्री राघवेंद्र रघुवंशी, नगर मंडल उपाध्यक्ष अभिषेक खंडेलवाल, महिला मोर्चा जिला मंत्री कंचन पठाडे, महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुधा परमार, संजय सोनी, नगर मंडल मंत्री जया जैन, सोनम पहाड़े शामिल है।

### हनुमान डोल में हनुमान जन्मोत्सव पर होगा भंडारा



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** हनुमान डोल में घने वनों के बीच स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर में पूरे श्रद्धा भाव के साथ दो अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर कमानी गेट से हनुमान डोल तक श्रद्धालुओं को लाने एवं वापस ले जाने के लिए निःशुल्क बस चलेगी। हनुमान डोल मंदिर समिति के अध्यक्ष राहुल (चिंटू) शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह हवन पूजन प्रारंभ होगा। पूर्णाहुति एवं आरती के पश्चात ध्वजा चढ़ाई जाएगी। प्रातः 10 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का वितरण शुरू होगा जो शाम तक चलेगा। समिति सचिव अमरीश (सोनू) शर्मा ने बताया कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी एवं समिति सदस्य मुकेश खंडेलवाल की ओर से प्रातः 11 बजे से शाम तक कमानी गेट से हनुमान डोल तक श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए निःशुल्क बस उपलब्ध रहेगी। समिति सदस्य मनोज कोकास ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर प्रांगण में आंवला, कहूं, जामुन आदि का पौधा रोपण भी किया जाएगा।

### सोनाघाटी हनुमान मंदिर में जलेंगे 501 घी के दीप

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 1 अप्रैल को सोनाघाटी स्थित हनुमान मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत रात्रि 8 बजे 501 घी के दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। आयोजन से जुड़े पुरुषोत्तम गंगावानी ने बताया कि श्रद्धालु अपने पितरों के निमित्त दीप प्रज्ज्वलित कर सकते हैं। इसके लिए इच्छुक लोगों को स्वयं मंदिर पहुंचकर दीप जलाना होगा। दीप प्रज्ज्वलन में भाग लेने के लिए श्रद्धालु दिए गए मोबाइल नंबर 9826311697 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एफआईआर के विरोध में पीसीसी चीफ ने दी चेतावनी

## ▪ बोले आदिवासियों की जमीन लेकर बताए भाजपा

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। पुलिस द्वारा 32 आदिवासियों पर प्रकरण दर्ज करने के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार रात खेड़ी रामोसी पहुंचे तथा आदिवासी परिवारों से मिलकर कहा कि शासन प्रशासन को एक इंच भी जमीन लेने नहीं देंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे तथा बैतूल पूर्व विधायक निलय डागा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके साथ थे।**

### भाजपा के दबाव में की कार्यवाही

पटवारी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के दबाव में भोले भाले आदिवासियों पर एक तरफा कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और एसपी भी अपने दिन गिनना चालू कर दें और अपने हाथों से ही लाल डायरी में नाम लिख लें। उन्होंने कलेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच करें और भाजयुमो जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे और उसके साथियों पर कारवाही करें अन्यथा लाखों की संख्या में कलेक्टर का



घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासनिक अधिकारी यहां के मूल निवासी आदिवासियों की जमीन छीन कर भाजपा को देने का काम करेंगे तो क्या जिले में रह पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों के हक के लिए तब तक लड़ाई लड़ेगी जब तक आदिवासियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेकर उनकी जमीन पर दल बल के साथ गुंडागर्दी करने पहुंचे भाजपा के नेताओं पर कारवाही नहीं हो जाती। उन्होंने आदिवासियों को सांत्वना देते हुए कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है हम आप लोगों के साथ खड़े हुए हैं।

### तीन पीढ़ियों से जोत रहे जमीन

खेड़ी रामोसी पहुंचे जीतू पटवारी से चर्चा के दौरान आदिवासी परिवारों ने बताया कि वे लगभग तीन पीढ़ियों से उसी जगह जमीन जोत रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमीन के सीमांकन का बताकर भास्कर मगरदे द्वारा कब्जा किया जा रहा था क्योंकि वे बाउंड्री बनाने का भी सामान साथ लाए थे। आदिवासी परिवारों ने बताया कि पुलिस एवं प्रशासन के वाहनों के अलावा भाजपा के नेता के साथ 15 से 20 अन्य वाहन भी आए थे।

# इंजीनियरिंग के छात्र की नींद में संदिग्ध मौत

## ▪ चेहरे से सीने तक काला पड़ गया पूरा शरीर ▪ भाई के जगाने पर नहीं उठने से शोक व्याप्त

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र की नींद में संदिग्ध मौत हो गई है। छात्र का चेहरे से सीने तक शरीर काला पड़ गया है। भाई जब जगाने पहुंचा तब पता चला कि निधन हो गया है। यह समाचार परिवार और रिश्तेदारों में फैलते ही शोक व्याप्त हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### भाई के जगाने पर नहीं उठा प्रकाश

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान प्रकाश उइके (28) के रूप में हुई है। वह दोपहर में अपने घर पर सो रहा था। उसके घर में एक किराना दुकान भी है। घटना के समय उसने अपने बड़े भाई को कुछ सामान लेने के लिए बैतूल भेजा था। घर पर उस वक्त प्रकाश और उसके चाचा का लड़का ही मौजूद थे। शाम करीब 7 बजे जब उसका बड़ा भाई वापस लौटा, तो चाचा के लड़के ने प्रकाश को जगाने की कोशिश की, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद बड़े भाई राजू को सूचना दी गई। पास जाकर देखने पर पता चला कि प्रकाश की सांसें नहीं चल रही थीं।

### इंजीनियरिंग में अंतिम वर्ष का था छात्र

प्रकाश के माता-पिता सेहरा में रहते हैं। प्रकाश उइके इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। सोनाघाटी चौकी प्रभारी उत्तम मस्तकार ने बताया कि मृतक के चेहरे से लेकर सीने तक का शरीर काला पड़ा हुआ था। प्रथम दृष्टया सांप के काटने या किसी अन्य अज्ञात कारण से मौत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# माता मंदिर के ज्वारों का किया विसर्जन

- वार्डवासियों ने फूलों की रंगोली से किया स्वागत पूजन
- हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होने की अपील



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** प्राचीन श्री माता मंदिर में नवमी के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में छोटी-छोटी कन्याओं का विशेष पूजन किया गया। इसके बाद कन्याओं को उपहार वितरित किए गए। दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारा शुरू हुआ, जो शाम 6 बजे तक चलता रहा। शाम 6:30 बजे पंडित कमलेंद्र तिवारी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ अखंड ज्योत का विसर्जन किया गया। रात्रि 8 बजे महाआरती के बाद अखंड ज्योत परिवारों में से पांच भाग्यशाली परिवारों के लिए माता के विशेष श्रृंगार भेंट का ड्रा निकाला गया। दशमी तिथि को शाम 5 बजे मातृशक्ति महिला मंडल द्वारा ज्वारों का जुलूस निकाला गया, जो माता मंदिर से शुरू होकर मां खप्पर वाली माता मंदिर होते हुए लंगड़ा बाबा मंदिर पहुंचा, जहां विधिवत पूजन कर ज्वारों का विसर्जन किया गया। मार्ग में जगह-जगह वार्डवासियों ने फूलों की रंगोली बनाकर जुलूस का स्वागत किया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष डब्बू तलेड़ा ने सभी अखंड ज्योत परिवारों, दर्शनार्थियों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही 2 अप्रैल को माता सेवा युवा मंडल के तत्वाधान में निकलने वाली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

# 4 एकड़ गेहूं की फसल में लगी आग

## ▪ फायर ब्रिगेड की टीम ने पाया काबू, 50 हजार का हुआ नुकसान



*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ ब्लाक के ग्राम पिपरिया में रविवार सुबह करीब 10 बजे किसान हेमराज चिकाने के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस अग्निकांड में लगभग 4 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई, जिससे किसान को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। हालांकि, तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। खेत के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण वे सफल नहीं हो पाए।*

*इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर टीम के ड्राइवर धनराज पवार, गिरीश पिपले और सुमित पूरी ने आग पर काबू पाया। फायर टीम की समय पर कार्रवाई के चलते एक बड़ा नुकसान टल गया। बताया गया कि पास ही किसान इमरत चिकाने की 3 से 4 एकड़ में काटकर रखी गई गेहूं की खरई भी आग की चपेट में आने वाली थी, जिसे फायर टीम ने समय रहते फैलने से रोक लिया। इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में चिंता का माहौल है। प्रभावित किसान को प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की जा रही है।*

# वेयरहाउस संचालकों को बताया कैसे करना है भंडारण

## ▪ भंडारण, गुणवत्ता परीक्षण और कीटोपचार का दिया प्रशिक्षण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। रबी सीजन 2026-27 में उपार्जित गेहूं, चना और मसूर के गुणवत्ता परीक्षण, सुरक्षा, कीटोपचार और वैज्ञानिक पद्धति से उचित रखरखाव के लिए शनिवार दोपहर 1:30 बजे कृषक कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के जिला कार्यालय सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बैतूल, आठनेर, भैंसदेही, भीमपुर, बालाजीपुरम, घोड़ाडोंगरी, शाहपुर और हिड़ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से मुन्ना मानकर, विवेक शुक्ला, निक्कू आर्य, भानुप्रताप आवटे, सुरेंद्र खलतकर, पवन साहू, जगदीश राठौर, उज्जवल पांसे सहित करीब एक सैकड़ा से अधिक वेयरहाउस संचालक शामिल हुए।**

जिला प्रबंधक नर्मदा प्रसाद कीर, मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन, बैतूल ने स्कंध के रखरखाव, सुरक्षा और कीटोपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। भारतीय खाद्य निगम की



मिताली मरकाम ने भंडारण से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और संचालकों को डिजिटल मॉइस्चर मीटर रखने की सलाह दी, जिसमें नमी के साथ समय का प्रिंट भी उपलब्ध हो। आठनेर से खेमकुमारी, भैंसदेही से मुकेश भलावी और भीमपुर से विद्या सी मैया सहित शाखा प्रबंधकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एसडीओ कृषि रामवीर सिंह राजपूत और नम्रता भट्टी भी मौजूद रहे। अंत में मुकेश भलावी ने सभी अधिकारियों और संचालकों का आभार व्यक्त किया।

# नागझिरी से निकली शोभायात्रा

## ▪ श्रद्धालुओं ने किये झांकी दर्शन

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** पूर्णा नगरी भैंसदेही स्थित चमत्कारिक संत श्रीश्री 1008 त्रिवेणी भारती नागादाद संस्थान से आज तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ हुआ नागा दादा पुण्यतिथि उत्सव पर आज प्रथम दिवस संस्थान से नागा दादा की विशाल शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित हो नागा दादा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। नागझिरी संस्थान से आकर्षक साथ सज्जा के साथ संत श्री नागा दादा की सुंदर झांकी निकाली गयी। सुंदर सजे घोड़े शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहे। संत श्री की झांकी नगर के प्रमुख मार्ग प्राचीन शिवालय,मरही माता चौक, करार मोहल्ला, मस्जिद चौक, मंगलवारी मोहल्ला,सुधार मोहल्ला, से होकर धर्माल मोहल्ला चौक



होकर देर-रात नागझिरी संस्थान पहुंची, जहां संत नागा दादा का पूजन इस वार्षिक उत्सव के प्रथम चरण का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा मार्ग में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने संत श्री की झांकी के दर्शन कर पूजा- अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। ढोल ताशे की धून पर दादानाम संकिर्तन के साथ युवा वर्ग झुमते हुए दादा नाम का जयकारा लगाते रहे। संस्थान के अध्यक्ष कृष्णा झाड़े, सहित राजू जोशी, प्रकाश घानेकर ,धनराज धाकड़, संजू मोहने, सदानंद सराफ, भाऊराव भाऊ,गोदंयाभाऊ, हेमंत सावरकर, वीरेंद्र मालवीय,रामापानकर, दीपक शुक्ला, उग्रसेन नरवरे, गुड्डू मालवीय, नागा दादा के चरण सेवक मनोहर राजूरकर इस पुरी शोभायात्रा में व्यवस्था बनाते सक्रिय रहे।

# सागर और रोहित पंवार आए अव्वल

- मां ताप्ती पर रील्स मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाया हुनर
- पवित्र नगरी एवं ताप्ती पर बनाई रील्स पर दिए पुरस्कार

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। पवित्र नगरी में मां ताप्ती के सौंदर्य एवं महत्व को लेकर मूलतापी रील्स मेकिंग प्रतियोगिता के तहत नगर सहित क्षेत्र के युवाओं ने मुलताई का एक दिन सुबह से शाम तक एक झलक थीम पर एक से बढ़कर एक रील्स बनाई जिसमें प्रदर्शन के लिए 21 रील्स को चुना गया। उक्त चुनी गई रील्स में पांच निर्णायक तथा 10 सांत्वना पुरूस्कार का वितरण रविवार स्टेशन रोड स्थित लान में नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। आयोजक कुलदीप पहाड़े ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत युवाओं ने मोबाईल से मां ताप्ती सरोवर सहित पवित्र नगरी की शानदार तथा रचनात्मक रील्स बनाई गई जिससे मां ताप्ती के महत्व से दूर दूर तक लोग अवगत होंगे।**



उन्होंने बताया कि प्रथम पुरूस्कार डिवटिया के सागर पंवार एवं रोहित पंवार ने मां ताप्ती की बेहतरीन रील्स बनाकर प्राप्त किया। इसके बाद द्वितिय स्थान पर वीआर ग्रुप फैमेली रही, तीसरे स्थान पर राहुल मोहबे निवासी पारड़सिंगा, चौथे स्थान पर गुलशन इवने बोरदेही तथा पांचवा स्थान कृष्णा, मनीष तथा अंकित की मुलताई के दीवाने टीम ने हासिल किया। आयोजकों ने जानकारी दी कि सागर पंवार तथा रोहित पंवार की रील्स को मोस्ट पापुलर अवार्ड भी दिया गया क्योंकि एक सप्ताह में इसकी रील को लगभग एक लाख से अधिक लोगों द्वारा देखा और सराहा गया।

इसके अलावा राहुल पोटफोड़े, कृष्णा साहू नरसिंहपुर, घनश्याम सूर्यवंशी, अमित पंवार आमला, कृष्णा झारे महतपुर, शुभम मालवीय, यश माथनकर शिवा चौधरी, निखिल साहू एवं गौरव, सुमीत धाकड़ एवं सुमीत बारपेटे, लोकेश अलोने तथा राहुल कुबड़े, रवि तायवाड़े, पुनीत पाटिल तथा प्रशांत पंवार की भी रील्स को सराहा गया जिन्हे सांत्वना पुरूस्कार दिया गया। इसके अलावा यंगेस्ट अवार्ड से सोहम पाल 14 वर्ष, निसर्ग ठाकरे 15 वर्ष तथा लोकेश सोनी 12 वर्ष को नवाजा गया जिन्होने कम उम्र के बावजूद मां ताप्ती की महिमा को जन जन से अवगत कराया। इंन्फ्यूलेंसर तथा हमदर्द ग्रुप आयोजित कार्यक्रम में मोईन मुन्ना कपूर, नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, पार्षद निर्मला उबनारे, जस्सू पाठेकर, संदीप कामड़ी, सतीष डोंगरदिये सहित महेश खत्री, संदीप भार्गव, सौरभ जोशी का सहयोग रहा सभी विजेताओं को आयोजकों सहित अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

# फायर ब्रिगेड की कमी से आग की भेंट चढ़ रही फसलें

▪ क्षेत्र में हो रही घटनाओं से किसानों को हो रहा नुकसान ▪ थाना स्तर पर उपलब्ध होना चाहिए फायर ब्रिगेड सुविधा

**खेड़ली बाजार (राष्ट्रीय जनादेश)। गर्मी का दौर शुरू होते ही खेत खलिहानों में आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी है। खेतों में आग लगने के कारण किसानों की खड़ी फसल जल रही है जिससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान पहुंच रहा है। यदि फायर ब्रिगेड समय पर उपलब्ध हो सके तो इस आर्थिक क्षति को कम जरूर किया जा सकता है। महीनों तक फसलों की देखरेख करना, उसको सुरक्षित रखना पड़ता है उसके बाद जब फसल पककर तैयार होती है। इसी दौरान विभिन्न कारणों से खेतों में आग लग जाती ।कभी विद्युत ट्रांसफार्मर की चिंगारी, कभी शार्ट सर्किट जैसे अन्य कारण सामने आते हैं। बीते 15 दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों आगजनी की घटनाएं सामने आई, यहां फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को फसल जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ।**



## ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध हो फायर ब्रिगेड

ग्राम मोरखा के अधिवक्ता भोजराज सिंह, अधिवक्ता कैलाश सिंह वर्मा, कृषक बंटी रघुवंशी, कृषक कोमलसिंह सरोज, कृषक डॉ रामकुमार पटेल आदि का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आग बुझाने वाले वाहन की आवश्यकता है वर्तमान में मुलताई एवं आमला में ही फायर ब्रिगेड उपलब्ध है जो की कई बार ग्रामीण अंचलों में उपलब्ध नहीं हो पाती। मुलताई एवं आमला से ग्रामीण क्षेत्रों तक आने में काफी समय भी लग जाता है। यदि थाना स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध होगी तो आगजनी से होने वाली किसानों की आर्थिक क्षति को कम किया जा सकता है

## लगातार बढ़ रही है आगजनी कि घटनाएं

ग्राम खेड़ली बाजार के कृषक राजु नायक, योगेश रघुवंशी, राजेश सोनी, संजय नायक, अधिवक्ता नवीन बिहारिया का कहना है कि प्रतिवर्ष आगजनी की घटनाएं सामने आती है। इस वर्ष भी ग्रामीण क्षेत्रों में खेत खलिहानों तथा घरों में लगातार आगजनी की घटनाएं हो रही है। आग लगने के विभिन्न कारणों से बचाव किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर कम से कम एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध होनी चाहिए जिससे ग्रामीणों को, किसानों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम थाना बोरदेही में एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध होनी चाहिए जिससे समय पर आग बुझाने में सहयोग मिल सके।

## जनप्रतिनिधियों को देना होगा ध्यान

जिले के सांसद तथा क्षेत्रीय विधायक सहित तमाम जनप्रतिनिधियों को किसानों के हित में इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड समय पर उपलब्ध नहीं होने से किसानों को काफी ज्यादा आर्थिक नुकसान होता है। यदि थाना स्तर पर फायर ब्रिगेड उपलब्ध रहती है तो आसपास के क्षेत्र में कम समय में फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा सकती है। जिससे किसानों को होने वाली आर्थिक क्षति को कम किया जा सकता है। वर्तमान में फायर ब्रिगेड के मुलताई एवं आमला से आने में काफी देरी हो जाती है जब तक किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती है। क्षेत्र के किसानों की मांग है कि बोरदेही थाना स्तर पर कम से कम एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराई जाए।

# अनिल उइके और भारती अग्रवाल को मिला जल योद्धा सम्मान

▪ बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने किया सम्मानित

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। सोलर विलेज के नाम से मशहूर ग्राम बाचा के अनिल उइके और ग्राम भारती महिला मंडल पाथाखेड़ा की अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के हाथों जल योद्धा सम्मान 2025 से सम्मानित किया है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सरकारीटेल डॉट काम द्वारा किया गया था। श्री उइके गंगावतरण अभियान के पर्यावरण कार्यकर्ता हैं और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।*





## स्वच्छता भी दिया योगदान

*अनिल उइके गंगावतरण अभियान के संयोजक पद्मश्री मोहन नागर के साथ लम्बे समय से बाचा ग्राम के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं उन्होंने बाचा व आसपास के ग्रामीण आदिवासी क्षेत्रों में बोरी बन्धान व वर्षाजल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया तथा बाचा ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने में विद्या भारती जनजाति शिक्षा के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया। अनिल उइके ने ग्राम के जनप्रतिनिधि राजेन्द्र कवड़े व ग्राम के युवाओं के साथ ग्राम स्वच्छता में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे वर्तमान में ग्राम बाचा की होम स्टे पर्यटन समिति के अध्यक्ष हैं।*

## चार जिलों में किए उत्कृष्ट कार्य

*ग्राम भारती महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल को उनकी संस्था जल संरक्षण के क्षेत्र में वर्ष 2021 से म.प्र. जल निगम एवं पीएचई विभाग बैतूल के सहयोग से जल जीवन मिशन, हर घर नल, हर घर जल अभियान के तहत बैतूल, खण्डवा, खरगोन एवं उज्जैन के 1314 से अधिक ग्रामों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर डब्ल्यूसीएल के सीएमडी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने जल संरक्षण पर अपने विचार रखे।*

## 35 जल योद्धाओं को किया सम्मानित

*कार्यक्रम बेंगलुरु स्थित विशालाक्षी मंडप (आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर) में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता पूज्य श्री श्री रवि शंकर जी ने की। कार्यक्रम में 35 जल योद्धाओं को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न सत्रों में जल संरक्षण, पर चर्चा हुई। अनिल उइके ने बताया कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है और जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी है।*

## यह थे मौजूद

*सम्मान समारोह में पद्मश्री मोहन नागर, पद्मश्री उमाशंकर पांडे, पद्मश्री पोपटराव पवार सहित श्री अमेया साठे सीईओ और प्रधान संपादक, प्रसन्ना प्रभु, अध्यक्ष विकास कार्यक्रम ट्रस्ट और श्री श्री कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रस्ट, नितिन खाडे, आईएएस, संयुक्त सचिव (जलसंभर प्रबंधन), भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मन्त्रालय, डॉ. नितिन वाघमोडे, आयकर आयुक्त, पुणे, डॉ. हेमंत शरद पांडे, मानव संसाधन निदेशक एवं नामित सीएमडी, सचिन कुमार वैश्य, आईएएस चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड व देशभर से आये जल योद्धा उपस्थित थे।*

# जिले में सुदृढ़ बनाए रखें कानून व्यवस्थाः कलेक्टर

▪ नरवाई, आगजनी की घटनाओं पर त्वरित हो कार्यवाही : एसपी
▪ आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस-राजस्व की हुई समन्वय बैठक



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर पुलिस और राजस्व की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने की बात कही गई। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी दिशा निर्देश दिए गए।आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित पुलिस एवं राजस्व विभाग की समन्वय बैठक में जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों को दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं के मामलों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा घायलों को व्यवस्थित उपचार मिले। 'राहवीर' और पीएम राहत योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए।

## नरवाई जलाने वालों पर करें सख्त कार्यवाही

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने राजस्व से संबंधित विवादित प्रकरणों के गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने राजस्व और पुलिस को नगरपालिका से सतत समन्वय बनाए रखने, दमकल एवं एम्बुलेंस सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने तथा आवश्यक अनुमतियां निर्धारित प्रारूप में जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बताया कि जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सभी ईंधनों के दाम, आवक एवं उपयोग पर नियंत्रण बनाए रखा जाए, ताकि आपूर्ति प्रभावित न हो।


## पुलिस-राजस्व के बीच हो बेहतर समन्वय

बैठक में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने कहा कि पुलिस एवं राजस्व के बीच बेहतर समन्वय से कानून व्यवस्था अच्छी बनी रहे। जनहित एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में सतर्क और सजग रहें तथा स्थानीय मुद्दों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएं। उन्होंने नरवाई आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने, नगरपालिका के साथ समन्वय रखते हुए आग पर शीघ्र नियंत्रण पाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीओपी बैतूल सुनील लाटा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती तृप्ति पटेरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्रमण से बच्ची की नाक में पनप रहे थे कीड़े

▪ डॉक्टरों ने उपचार कर सात दिनों में निकाले ▪ दिमाग तक पहुंचने से पहले कर लिया उपचार

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। एक दिव्यांग बच्ची को लंबे समय तक सर्दी, खांसी और जुकाम की शिकायत होने पर उसकी नाक में कीड़े (लार्वा) पनपने लगे थे। बच्ची की हालत बिगड़ने पर जब उसे डॉक्टरों को दिखाया गया तो उन्हें चेकअप करने के बाद देखा तो सभी के होश उड़ गए। हालांकि बच्ची का डॉक्टरों की टीम ने सात दिनों तक उपचार कर उसे स्वस्थ्य कर दिया है। यदि यही संक्रमण दिमाग तक पहुंच जाता तो निश्चित रूप से दिक्कत हो सकती थी।**



## एंडोस्कोपिक तकनीक से किया उपचार

बच्ची पिछले एक महीने से सर्दी-खांसी और बुखार से परेशान थी। धीरे-धीरे नाक से तेज बदबू आने लगी। वह लगातार सुस्त रहने लगी थी। निजी अस्पताल में जांच के दौरान डॉक्टरों ने नाक के अंदर जीवित लार्वा देखा। इसके बाद बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ऋ षि माहोर ने एंडोस्कोपिक तकनीक से इलाज किया। उन्होंने बताया कि 5 से 7 दिन तक लगातार प्रक्रिया चली। हर दिन नाक से 5 से 10 लार्वा निकाले गए। नाक के अंदर पहले से काफी नुकसान हो चुका था। डॉक्टर के अनुसार, संक्रमण तेजी से फैल रहा था, लेकिन समय रहते इसे नियंत्रित किया गया।

## यह दिख रहे थे लक्षण

परिजनों ने बताया कि शुरुआत में बच्ची की बीमारी सामान्य सर्दी-खांसी लग रही थी। धीरे-धीरे नाक से तेज बदबू आने लगी। बच्ची बोल नहीं पा रही थी, इसलिए दर्द व्यक्त नहीं कर सकी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां असली कारण का पता चला। डॉक्टरों के अनुसार 'नैजल मायोसिस' एक दुर्लभ लेकिन खतरनाक संक्रमण है, जिसमें मक्खियां नाक या घाव में अंडे देती हैं। इनसे निकलने वाले लार्वा शरीर के अंदरूनी ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह संक्रमण साइनस के रास्ते आंख और दिमाग तक फैल सकता है।

### इनका कहना...

बच्ची का पूरा इलाज एंडोस्कोपिक तकनीक से किया गया, जिसमें बिना बड़ा चीरा लगाए नाक के अंदर से सर्जरी होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि नाक से बदबू, खून, मवाद या कोई असामान्य लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। समय पर इलाज ही ऐसे गंभीर संक्रमण से बचा सकता है।

**डॉक्टर ऋषि माहोर,**
**मेडिकल ऑफिसर, बैतूल**

## कार्टून कोना







